newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ३६ | २५ सितंबर से १ अक्टुबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## घरेलू बचत में गिरावट

किसी देश की अर्थव्यवस्था इस पैमाने पर भी आंकी जाती है कि उसकी घरेलू बचत, प्रति व्यक्ति आय और क्रयशक्ति की स्थिति क्या है। मगर हमारे यहां घरेलू बचत लगातार गिरावट की ओर है। मौजूदा वित्तवर्ष में यह पिछले पांच दशक में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वित्तवर्ष में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में करीब पचपन फीसद की गिरावट आई और यह सकल घरेलू उत्पाद के ५.१ फीसद पर पहुंच गई। गौरतलब है कि वित्तवर्ष २०२०-२१ में यह जीडीपी के ११.५ फीसद पर थी, जबकि महामारी से पहले २०१९-२० में यह आंकड़ा ७.६ फीसद था। वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट पर सफाई देते हुए कहा है कि लोग अब आवास और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियों में अधिक निवेश कर रहे हैं। इसका असर घरेलू बचत पर पड़ा है। मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि संकट जैसी कोई बात नहीं है। सरकार ने यह भी कहा है कि पिछले दो साल में परिवारों को दिए गए खुदरा ऋण का ५५ फीसद आवास, शिक्षा और वाहन पर खर्च किया गया है। परिवारों के स्तर पर वित्तवर्ष २०२०-२१ में २२.८ लाख करोड़ की शुद्ध वित्तीय परिसंपत्ति जोड़ी गई थी। २०२१-२२ में लगभग सत्रह लाख करोड़ और वित्तवर्ष २०२२-२३ में १३.८ लाख करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्तियां बढ़ी हैं। इसका मतलब है कि लोगों ने एक साल पहले और उससे पहले के साल की तुलना में इस साल कम वित्तीय संपत्तियां जोड़ी हैं। सरकार के अनुसार ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि वे अब कर्ज लेकर घर और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियां खरीद रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में आवास और वाहन ऋण में दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि महामारी के बाद से लोग काफी सचेत हुए हैं। वे जोखिम वाले निवेश से बच रहे हैं। दूसरी बात, बचत खातों पर ब्याज दर बहुत आकर्षक नहीं है। ऐसे में लोग प्रतिभूतियों आदि में ज्यादा निवेश कर रहे हैं। यह भी घरेलू बचत कम होने का एक कारण है। एसबीआइ के मुख्य आर्थिक सलाहकार का भी कहना है कि शायद ब्याज दरें कम होने का विपरीत प्रभाव घरेलू बचत पर पड़ा है। आम लोगों का रुझान भौतिक संपत्तियों की तरफ बढ़ा है। सरकार चाहे जो तर्क दे, पर घरेलू बचत का लगातार गिरना कोई अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता।

# म्हाडा के नाम पर लाखों की ठगी जालसाज हुए गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : खुद को म्हाडा का अधिकारी ,कर्मचारी बता कर और पहचान पत्र दिखाकर विस्वास में लेने के बाद फ्लैट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह के सक्रिय होने की गुप्त सूचना क्राइम ब्रांच यूनिट - १ काशीमीरा को मिली थी। मुखबिरों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने भायंदर पश्चिम के राई गांव के पास जाल बिछाकर गोरेगांव निवासी जावेद अल्लीशा पटेल,मीरारोड निवासी मोइनउद्दीन सलीमउद्दीन खान, मुंब्रा निवासी अफसर ईशाद शेख, मीरारोड निवासी सुजीत दत्ताराम चव्हाण,



भायंदर पश्चिम निवासी राजेंद्र प्रसाद राजकरण यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में पता चला है की ठगी के गिरोह में संलिप्त सभी आरोपियों ने इस प्रकार से ४ -५ लोगों के साथ लाखों रुपए की ठगी की है। इसी प्रकार की ठगी की शिकार शोभा बालाजी जाधव ने बताया की आरोपियों ने उनके लडके और लडकी के लिए मीरारोड के म्हाडा इमारत के ए - विंग में ३०१,३०२,३०३ नंबर के तीन फ्लैट दिखाए थे। उन फ्लैटों के लिए टोकन मनी के रूप में १० लाख रुपए दिए थे। आरोपियों ने २ बेड रूम ,हॉल ,किचन के फ्लैट ५० लाख और १ रूम ,हॉल ,किचन के फ्लैट ४० लाख रुपए में सौदा किया था और फ्लैट के अलॉटमेंट लेटर, एग्रीमेंट, पजेशन लेटर भी दिए थे। ठगी के आरोप में गिरफ्तार राजेंद्र प्रसाद राजकरण यादव भायंदर पश्चिम में मनपा का चुनाव भी लड.चुका है। शोभा जाधव की शिकायत पर भायंदर पश्चिम पुलिस थाने में भादवि की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। क्राइम ब्रांच यूनिट - १ ने सभी आरोपियों को भायंदर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। भायंदर पुलिस ने इस तरह के ठगी के शिकार हुए लोगों को ०२२२८१९२२५७, ०८६५७९३६९५१ नंबर पर संपर्क करने का आह्वान किया है। ठगी के इस रैकेट का प्रदाफाश करने में एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय उपायुक्त (क्राइम) अविनाश अंबुरे, सह आयुक्त (क्राइम) अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच यूनिट-१ काशीमीरा के पुलिस निरीक्षक अविराज कुराडे, सहायक पुलिस निरीक्षक प्रशांत गांगुर्डे,पुष्पराज सुर्वे आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।

## काशीमीरा पुलिस थाने में स्वतंत्र महिला व बाल शिकायत कक्ष का शुभारंभ

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत काशीमीरा पुलिस थाने में स्वतंत्र महिला व बाल शिकायत कक्ष का शुभारंभ किया गया. गुरुवार को पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने इस शिकायत कक्ष का लोकार्पण किया. कई बार पुलिस थानों में अपनी शिकायत लेकर महिलाएं व बच्चे भी जाते हैं. लेकिन वहां जाने के बाद वहां का माहौल, भीड. भाड. आदि देखकर वे अपनी शिकायत करने में डर अथवा झिझक महसूस करते हैं. वे अपनी शिकायत दिल खोलकर, बेझिझक कर सकें, उनकी इस सुविधा को ध्यान में रखकर इस शिकायत कक्ष का शुभारंभ किया गया है. महिलाओं और बच्चों की शिकायत ध्यानपूर्वक सुनने, जानने और उसके निवारण की जिम्मेदारी महिला पुलिस उपनिरीक्षक अर्चना जाधव को सौंपी गई है. ऐसी जानकारी



पुलिस आयुक्त पांडे ने दी है. दूधमुंहे बच्चों को अपने साथ घर से बाहर ले जाने वाली माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए एकांत और शांत वातावरण मिले, इस उद्देश्य से राज्य सरकार ने रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप, हॉस्पिटल, पुलिस स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थानों पर (हिरकणी कक्ष) बाल स्नेही कक्ष शुरू करने का निर्देश दिया है. इसी के मद्देनजर काशीमीरा पुलिस थाने में 'चाइल्ड हेल्प केयर' नामक सामाजिक संस्था की मदद से हिरकणी कक्ष का निर्माण किया गया है. कक्ष के दीवारों पर बच्चों को रिझाने वाले रंग-बिरंगे चित्रकारी भी की गई है, इस कक्ष का भी लोकार्पण पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने किया.

## बिल्डिंग का वॉचमैन ही निकला लुटेरा

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : भायंदर पूर्व के आरएनपी पार्क स्थित श्वेता पार्क ईमारत के ए/ २०४ में अकेले रहने वाली ८२ वर्षीय वृद्धा सावित्री ध्यानसिंह ठाकुर को १९ सितंबर मंगलवार को सुबह १० बजे के आसपास जख्मी कर जबरदस्ती उनके शरीर से ३,२१,००० रुपए मूल्य के गहने लूट लेने की घटना घटित हुई थी। जिसकी शिकायत उनके पोते विकास मानसिंह जग्गी ने नवघर पुलिस थाने में की थी। वरिष्ट पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन और वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विजय पवार के नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा के पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार शिंदे, सहायक पुलिस निरीक्षक संदीप पालवे और उनकी टीम आरोपी की तलाश में जुट गए थे। वारदात स्थल, सीसीटीवी फुटेज और शिकायत कर्ता से प्राप्त जानकारी पर पुलिस ने जांच में पाया की वारदात के दिन से उस ईमारत का वॉचमैन गायब था। उसके घर पर भी वह नही मिला। उसकी तलाश में जुटी पुलिस टीम को दूसरे दिन २० सितंबर को वह सालासर हनुमान मंदिर के पास संदिग्धावस्था घूमते हुए उसे गिरफ्तार कर लिए। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम राजेंद्र बहादुर कुंवर (४२) बताया। वह मूल रूप से नेपाल के आछाम जिले का निवासी है और वॉचमैन की नोकरी करता है। पुलिस ने उसके पास से लूट की पूरी सामग्री बरामद कर ली है।

## सोना चोर गिरफ्तार



**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : काशीमीरा पुलिस और क्राइम ब्रांच ने संयुक्त रूप से कारवाई कर एक शातिर सेंधमार चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके ऊपर काशीमीरा क्षेत्र में ३ और विरार पुलिस थाने अंतर्गत १४ सेंधमारी के केस दर्ज हैं. पकडे.गए आरोपी का नाम अकरम फारूख अंसारी (२५) है. वह विरार पूर्व के गोपचर पाडा का निवासी है. उसके पास से पुलिस ने १ लाख ४० हजार रुपए मूल्य के सोने के गहने बरामद किए हैं. १३ सितंबर को काशीमीरा पुलिस थाने अंतर्गत मीरा गांवठन में रहने वाली साक्षी अजय सावंत ने पुलिस में सेंधमारी की शिकायत दर्ज कराई थी. साक्षी ने पुलिस को बताया था कि उसके पति के काम पर जाने के बाद अज्ञात चोर ने उनके घर की कडी तोड.कर कपाट में रखे ६५ हजार रुपए की ५० ग्राम सोने के गहने चोरी कर लिए हैं. शिकायत पर पुलिस उपायुक्त जयंत बजवले, सहायक पुलिस आयुक्त महेश तरडे. के मार्गदर्शन में टीम ने घटना स्थल के आस पास की सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति उस परिसर में घूमते दिखाई दिया.

## साइबर क्राइम के प्रति जन जागृति लाने के लिए महाराजा मंडल की पहल

मीरारोड. गणेशोत्सव के दौरान प्रति वर्ष सार्वजनिक मंडलों द्वारा विभिन्न तरीके से सामाजिक जनजागृति, समस्याएं व उनके निराकरण का प्रबोधन करने जैसे शो-इवेंट आदि का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष भी कई बडे. सार्वजनिक मंडलों से लेकर घरों में भी गणेशोत्सव के इस पर्व में चंद्रयान -३ की सफलता पर आधारित थीम के अलावा भी कई अलग-अलग थीम प्रदर्शित किए हैं. वहीं इस डिजिटल युग में तेजी से बढ.रही साइबर क्राइम के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए मीरारोड के महाराजा मंडल ने मीरा- भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के साथ मिलकर संयुक्त रूप से एक अनोखा उपक्रम आयोजित किया, जिसमें सहायक पुलिस आयुक्त उमेश शंकर माने-पाटील, नया नगर पुलिस थाने के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विलास सुपे, साइबर क्राइम के



वरिष्ट पुलिस निरीक्षक सुजीत कुमार गुंजकर, प्रसाद शेनोलकर ने मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को साइबर क्राइम रोकने, उससे बचने के आवश्यक उपाय योजना की जानकारी दी गई. साथ ही अन्य मंडलों को भी मीरारोड के महाराजा मंडल की तरह अपराध रोकने से संबंधित जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करने का आवाहन किया. मीरारोड के महाराजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल की स्थापना १९९१ में की गई थी. इस मंडल के मार्गदर्शक चंद्रकांत वैती, अध्यक्ष मिलिंद मिराशी और उपाध्यक्ष संतोष परब के नेतृत्व में ३३ वर्षों से सेक्टर ९, शांति नगर में भव्य - गणेशोत्सव का आयोजन किया जाता है. पिछले वर्ष रोबोटिक्स विषय पर २०० से अधिक बच्चों को रोबोट बनाने की जानकारी दी गई थी.

## सरकारी अस्पताल को रक्त भंडार की मिली मंजुरी

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, मीरा भायंदर शहर के एकमात्र सरकारी पंडित भीमसेन जोशी (टेंबा) अस्पताल को 'ब्लड स्टॉक' (रक्त भंडार) केंद्र की मंजूरी राज्य सरकार ने दी है, जिससे अब इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर इसी अस्पताल में रक्त उपलब्ध हो जाएगी. अब तक रक्त के जरूरतमंद मरीजों को मीरा- भायंदर मनपा के मीरारोड स्थित इंदिरा गांधी ब्लड बैंक पर अवलंबित रहना पडता था, जहां मरीजों को सस्ते दरों पर तो रक्त उपलब्ध हो जाते थे, लेकिन वहां आने जाने में समय और पैसा व्यर्थ खर्च करने पडते थे. अस्पताल प्रशासन के अनुसार यहां सप्ताह में कम से कम ५ से अधिक रक्त के थैलियों की आवश्यकता पडती है. वहीं भविष्य में ऑपरेशन और कई रोगों के मरीजों की संख्या बढने पर १०० से अधिक रक्त थैलियों की आवश्यकता संभावित है.

अस्पताल में ब्लड स्टॉक केंद्र निर्माण करने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए जगह और अन्य आवश्यक अनुमति प्राप्त हो गई है, जिससे शीघ्र ही ब्लड स्टॉक केंद्र के लिए कार्य शुरू किए जाने की जानकारी अस्पताल के मुख्य सर्जन डॉ. जाफर तडवी ने दी है. मीरा-भायंदर के करीब १३ से १४ लाख की जनसंख्या के लिए एकमात्र यह जोशी सरकारी



अस्पताल शहर में उपलब्ध है. जिस पर गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों को अवलंबित रहना पडता है. वर्ष २०१६ में मीरा भायंदर मनपा द्वारा भायंदर पश्चिम में पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल की इमारत का निर्माण कर नागरिकों के लिए २०० बेड की क्षमता का अस्पताल शुरू किया गया था. आर्थिक दृष्ठि से इस अस्पताल के संचालन में मनपा सक्षम नहीं थी. इसलिए वर्ष २०१८ में इस अस्पताल को संचालित करने के लिए राज्य सरकार को सौंप दिया गया

पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल की क्षमता वर्तमान में २०० बेड की है. राज्य सरकार ने बड़े अस्पतालों में स्वतंत्र ब्लड बैंक की व्यवस्था रखने का आदेश भी दिया है. अभी तक इस अस्पताल में ब्लड बैंक की व्यवस्था नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पडता है, इसलिए 'ब्लड बैंक' से पहले 'ब्लड स्टॉक' केंद्र का निर्माण किया जा रहा है. इसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी.

शहर की आबादी के हिसाब से अभी भी इस अस्पताल में बहुत सी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है. शहर के विकास के साथ-साथ इस अस्पताल में सुविधाओं का विकास किया जाना भी बहुत जरूरी है. ब्लड भंडार केंद्र का निर्माण किया जाना, इस दिशा में सार्थक पहल है. ब्लड भंडार केंद्र बन जाने से ब्लड बैंक की सुविधा भी शहरवासियों को मिल सकेगी.

# शहर में अवैध बैनरो की भरमार, उच्च न्यायालय के आदेश की उल्लंघन

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भाईंदर : गणेशोत्सव के साथ ही मीरा-भाईंदर में 'अवैध बैनरों' की भरमार हो गया है। शहर में जगह-जगह अवैध रूप से लगे बैनर शहर की सुन्दरता घटा रहे है। शहर की सुंदरता को घटा रहे अवैध बैनरों पर मीरा-भाईंदर मनपा प्रशासन पूरी तरह से मौन है। किसी जागरूक नागरिक की शिकायत के बाद मनपा प्रशासन इन बैनरों को निकाल तो देता है लेकिन संज्ञान में आया है कि बैनर लगाने वालों पर कोई दंड अथवा दंडात्मक कार्रवाई करने से मनपा बचती है। बुधवार से गणेशोत्सव का त्यौहार शुरू हो गया है। 'हम हिंदुस्तानी' नामक संस्था से शहर के 'गणेशोत्सव स्पर्धा' के नाम पर सैकड़ो बैनर लगा रखे है। बिजली



के पोल हो या मनपा के मैदान सब जगह 'हम हिंदुस्तानी' के बैनर दिख जाएंगे। इसके अलावा 'पोलिस गृहरक्षक' जैसी कई संस्थाओं ने 'गणेशोत्सव शुभकामनाओं' के अवैध बैनर लगा रखे है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मीरा-भाईंदर मनपा ने सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों को विज्ञापन के तौर पर बैनरों को लगाने की इजाजत नही दी है। लेकिन ज्यादातर मंडलों द्वारा मंडल के बाहर, बिजली के पोल पर बैनर लगाये गये है। गौरतलब है विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी जन्मदिन के भी बैनर शहर में लगाये गये थे। गौरतलब है 'अवैध बैनरों' को लेकर वर्ष २०११ में दायर जनहित याचिका में मुंबई उच्च न्यायालय ने कार्रवाई का आदेश दिया। न्यायालय के आदेश के अनुसार अवैध बैनर लगाने वालों पर एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान है। समाजिक कार्यकर्ता विकास तिवारी बताते है कि मनपा अवैध बैनर लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई नही करती है जिससे बैनर लगाने वालों का हौसला बढ़ता रहता है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मनिप आयुक्त संजय काटकर ने सोमवार को भाईंदर की चौपाटी का निरीक्षण किया और वहा पर लगे अवैध बैनरों को निकालने का निर्देश दिया।

# मीरा-भाईंदर में धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन



**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भाईंदर : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री विश्वकर्मा फाउंडेशन द्वारा मीरा-भाईंदर में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के डॉक्टर, वकील, शिक्षक सहित विद्यार्थियों और उनके माता पिता को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा ने बताया कि कार्यक्रम ने सामाजिक एकजुटता और दहेज प्रथा के विरोध में संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मुज्जफर हुसैन, शिवसेना (उद्धव) नेता लक्ष्मण जंगम, राजेश सिंह, भाजपा युवा जिलाध्यक्ष दरोगा पांडेय, कांग्रेस नेता रूपा पिंटो इत्यादि गणमान्यों ने शिरकत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में ,पतिराज विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, कैलाशनाथ विश्वकर्मा, सहित अन्य सदस्यों ने विशेष भूमिका निभाई।

# गणेश उत्सव के दौरान तेज स्पीकर चलाने पर पुलिस की गिर सकती है गाज

जेकेएस संवाददाता

भायंदर । महाराष्ट्र का महापर्व गणेश उत्सव शांति और सुरक्षित ढंग से मनाने के लिए पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। ट्रैफिक जाम,किसी अनहोनी या फिर लाउडस्पीकर का शोर रोकने के लिए मीरा - भायंदर,वसई-विरार पुलिस सतर्क है। क्षमता से ज्यादा तेज और सुनिश्चित समय के बाद लाउडस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस ने विशेष टीम तैयार की है।किसी तरह का सांप्रदायिक तनाव न पैदा हो इसके लिए ऐतिहातन साइबर सेल की टीम सोशल मीडिया के कंटेंट पर नजर रखी हुई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए १७६८ पुलिस कुर्मी तैनात किए गए हैं। साथ ही तीन दंगा नियंत्रण पथक तथा एक राज्य रिजर्व पुलिस बल की टुकडी लगाई गई है। सोमवार की शाम पुलिस ने कई इलाकों में लॉन्ग मार्च निकाला।पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में १३४३ सार्वजनिक तथा ५१४५५ घरेलू मूर्तियां स्थापित की गईं हैं।

# काम शुरू होने से पहले ही दोगुनी हो गई किमत, दहिसर मिरा भाईंदर लिंक रोड

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई: दहिसर से मीरा-भाईंदर के बीच प्रस्तावित लिंक रोड के निर्माण की कीमत काम शुरू होने से पहले ही दोगुनी हो गई है। बीएमसी ने जुलाई, २०२३ में एक कंपनी को टेंडर दिया, तब टेंडर की कीमत १९९८ २२ करोड.रुपये थी, जो अब बढक़र ४३२७ करोड.रुपये हो गई है। जून, २०२२ इस प्रॉजेक्ट की अनुमानित लागत १६०० करोड.रुपये थी, तब किसी कंपनी ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। उसके अक्टूबर २०२२ तब उसकी किया, तब बाद बीएमसी ने दोबारा टेंडर जारी कीमत १२५२७ करोड़ रुपये थे, जो १९९८ करोड. रुपये में फाइनल हुई। बीएमसी के प्रस्ताव में प्रॉजेक्ट बढऩे के पीछे कई तर्क दिए गए हैं। इसमें पर्यावरण परमिशन सहित सीसीटीवी और व्यूइंग गैलरी स सबवे -दहिसर कोस्टल रोड को इस प्रॉजेक्ट से लिंक से लिंक करना शामिल है। कंपनी को ब्रिज का



निर्माण कंपनी ४२ (वारिश को छोडक़र) में करना होगा। प्रॉजेक्ट पूरा होने के बाद अगले तीन साल तक रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी कंपनी की होगी। बीएमसी को उम्मीद है कि प्रतिदिन ७५ हजार वाहन दहिसर भाईंदर लिंक रोड का उपयोग करेंगे। इस लिंक रोड के वर्ष २०२७ में आवागमन लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। कैसे बड़ा प्रॉजेक्ट खर्च बीएमसी ने ३ जनवरी, २०२३ को एक सर्कुलर जारी कर कहा कि ३१ नवंबर, २०२२ को ई-टेंडर में कंपनी ने कुछ आशंका जताई थी। इसमें पर्यावरण संबंधी परमिशन प्राप्त करने में लगने वाला समय शामिल है। कंपनी का कहना था कि प्रॉजेक्ट के तहत पार्किंग की सुविधा, बस स्टॉप स्पेस निडल, व्यूइंग गैलरी का निर्माण आदि शामिल है। साथ ही वर्सोवा दहिसर कोस्टल रोड से भी कनेक्टिंग शामिल है। संशोधित काम का अनुमानित खर्च १९९८ करोड.रुपये है। इसी में सीसीटीवी, लाइटिंग, पर्यावरण की व्यवस्था, संचालन और देखभाल भी शामिल है। जरिए गोरा-भाईंदर सीधे दक्षिण मुंबई के नरिमन पॉइंट से जुड.जाएगा। दहिसर से भाईदर के के बीच प्रति इस लिंक रोड के बनने के बाद दहिसर से । मीरा-भाईंदर की दूरी जिसे तय करने में अभी ४५ से ६० मिनट का समय लगता है, वह महज १० मिनट में पूरी की जा सकेगी। इस प्रॉजेक्ट के तहत दहिसर खाडी में लगभग १०० मीटर लंब) एक स्टील ब्रिज बनाया जाएगा। कुल ५.३ किलोमीटर लंबे ऐलिवेटेड रोड के लिए कुल ३३० खभे बनाए जाएंगे। यह आधुनिक तकनीक लैस ७ मंजिला पार्किंग बनाई जाएगी। दहिसर -भाईंदर के बीच प्रस्तावित इस लिंक रोड की परिकल्पना वर्ष २०१६ में में सामने आई थी। इसके बनने से मुबई से मीरा-भाईंदर, वसई-विरार, पालार, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली को ट्रैफिक की ओर जाने में लोगों को समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। ५.३ किमी लंबे इस प्रॉजेक्ट में से १.५ किमी लंबा रोड बीएमसी के क्षेत्र (मुंबई) में है, जबकि ३.५ किमी लंब रोड मीरा-भाईंदर मनपा क्षेत्र में है।

# दीपाली पवार को पद से हटाने की मांग ने तुल पकडा



**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भाईंदर : मीरा-भाईंदर मनपा में कार्यरत समाज कल्याण अधिकारी दीपाली पवार को पद से हटाने की मांग शहर के दिव्यांगों ने की है। शहर में दिव्यांगों की सबसे बडी संस्था 'प्रहार' ने आंदोलन किया और मनपा आयुक्त को पत्र लिखा । पूर्व मंत्री बच्चू कडू के हस्तक्षेप और मनपा प्रशासन के आश्वासन के वाद दिव्यांगों ने आंदोलन वापस लिया । प्रहार की मीरा-भाईंदर अध्यक्ष (महिला) काजल नाइक ने बताया कि मनपा प्रशासन ने उन्हें इस संदर्भ आश्वस्त किया है और दीपावली के बाद विस्तृत चर्चा करने का आश्वासन दिया है।मीरा-भाईंदर में सैकडों की संख्या में दिव्यांग रहते हैं। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है. जिन्हें मीरा-भाईंदर मनपा से क्रियान्वित किया जाता है। काजल आरोप है कि दीपाली असंवेदनशील अधिकारी हैं और उनके कारण दिव्यांगों को अधिकार से वंचित रहना पड.रहा है। निर्भय भारत संस्था के अध्यक्ष अंकुश मालुसरे का कहना है कि उन्हें भी पवार के बारे में शिकायतें मिली हैं।

# मीरा भाईंदर में बनेगी कंक्रीट की सडके, जनता को मिलेगी राहत

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा भायंदर शहर के सडक़ों को गड्ढा मुक्त करने के लिए बरसात के बाद कंक्रीट के सडक़ों का निर्माण शुरू किए जाने का आश्वासन मनपा आयुक्त - प्रशासक संजय काटकर ने विधायक प्रताप सरनाईक को विकास कार्यों पर चर्चा के लिए हुई बैठक के दौरान मंगलवार को दिया। राज्य सरकार ने मीरा भायंदर मनपा क्षेत्र में सीमेंट कंक्रीट सडक़ें बनाने की मंजूरी दे दी है। विधायक प्रताप सरनाईक ने बरसात के बाद इसके कार्य की शुरूआत करने की मांग की थी। इसके अलावा मीरा भायंदर शहर को २४ घंटे पानी आपूर्ति करने वाली सूर्या जल आपूर्ति योजना के तहत शहर में पाइप लाइन बिछाने का काम भी शुरू किया जाएगा। ताकि बार बार सडक़ो की खुदाई न करना पडे.। मनपा आयुक्त-प्रशासक संजय कटकर ने विधायक सरनाईक को बताया कि सभी प्रमुख सडक़ों को करीब १८०० करोड.की लागत से सीमेंट कंक्रीट सडक़ों का निर्माण मानसून के बाद शुरू होगा और प्रशासन ने इस संबंध में काम भी शुरू कर दिया है। इस अवसर पर विधायक सरनाईक ने ३० से अधिक महत्वपूर्ण मुद्दों, विकास कार्यों पर चर्चा एवं समीक्षा की। जिसमे नए मनपा मुख्यालय इमारत, अस्पताल इमारत का निर्माण शुरू करने सहित मराठा भवन के निर्माण, बीएसयूपी के निर्माणाधीन इमारत के लिए पीपीपी पद्धति पर घर बनाने की योजना, शीघ्र शहर के प्रवेश द्वार घोडब़ंदर क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा बनाने ,राज्य सरकार के निधी से शहर में स्विमिंग पूल ,फुटबॉल टर्फ, लता मंगेशकर संगीत गुरुकुल ऐसे अनेक विकास कार्यों के लिए विशेष निधि मिल चुकी है इन सभी विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर काम को शीघ्र शुरू करने की मांग विधायक सरनाईक ने की। साथ ही मीरा भायंदर शहर के नए विकास योजना प्रारूप में बस पार्किंग, दफन भूमि, मार्केट, घन कचरा प्रकल्प, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन, सर्वधर्म श्मशान भूमि ऐसे विभिन्न आरक्षण रखने की मांग भी सरनाईक ने आयुक्त प्रशासक संजय काटकर से की। आयुक्त ने आवश्यक अनुमतियां लाकर व सभी प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया।

# मस्जिद में चोरी करनेवाला चोर गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : भायंदर पूर्व के आजाद नगर के पास स्थित मदरसा अंजुमन गरीब, नवाज नूरी,मस्जिद में वजू ( हाथ, पैर धोने) के लिए लगी नल से पीतल के २१ टोंटी किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। जिसकी शिकायत मो. फारुख जलील अहमद राइन ने नवघर पुलिस थाने में की थी। मस्जिद में हुए इस चोरी की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विजय पवार के नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा के पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार शिंदे और उनकी टीम ने घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज और पुलिस के पास मौजूद क्राइम रिकॉर्ड की जांच की तो इस चोरी की वारदात को गैरेज चलाने का व्यवसाय करने वाले शातिर चोर दीपेश सुरेश परमार ( २५ ) द्वारा किए जाने की पुष्ठि हुई। पुलिस ने परमार को भायंदर पश्चिम के राई गांव से गिरफ्तार कर लिया है।

# दवा के रूप में बिक रहा नशा! १२ विक्रेता और ६ दवा उत्पादक कंपनियों को कारण बताओ नोटिस

ठाणे : ठाणे जिले और कोकण डिविजन में नशीली दवाओं का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। ड्रग डीलरों द्वारा तस्करों और नशेड़ियों को नशीली दवाएं आसानी से उपलब्ध हो रही है, जिसके बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने दवा डीलरों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। अब तक ४७ खुदरा और १० थोक दवा विक्रेताओं सहित २६ दवा निर्माताओं का निरीक्षण किया है। इस जांच में एफडीए ने कुछ दवा विक्रेताओं और निर्माताओं को ड्रग्स और कॉस्मेटिक्स अधिनियम का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एफडीए ने इस गैरकानूनी धंधे को रोकने के लिए एक युद्धस्तर पर प्रयास शुरू किया है। जुलाई महीने में एफडीए के आयुक्त कार्यालय ने दवा की बिक्री की निगरानी के लिए एक विशेष निरीक्षण अभियान का निर्देश दिया था। इस निर्देश के बाद एफडीए के कोकण डिविजन ने यह पता लगाने के लिए खोज शुरू की है कि दवा निर्माता कंपनियों



के साथ-साथ खरीद-बिक्री प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी तो नहीं हो रही है। इस प्रकार ठाणे जिले में थोक और खुदरा दवा विक्रेताओं और दवा निर्माताओं का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में दवाओं की बिक्री, स्टॉक की उपलब्धता, दवाएं किससे खरीदी जाती हैं, क्या बिक्री के बिल पर आवश्यक सामग्री का उल्लेख किया गया है, क्या ये दवाएं बिना डॉक्टरी सलाह के दी जाती हैं, आदि की जांच की जा रही है। इस निरीक्षण अभियान में ठाणे जिले के कुल १० थोक दवा विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया। हालांकि, एक भी थोक विक्रेता को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का उल्लंघन करते हुए नहीं पाया गया है, वहीं ४७ खुदरा दवा विक्रेताओं की दुकानों की जांच में पता चला कि १२ डीलरों ने कानून का उल्लंघन किया है। एफडीए ने इन १२ विक्रेताओं को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा एफडीए ने कोकण क्षेत्र में २६ दवा निर्माताओं पर छापेमारी की। एफडीए अधिकारियों ने बताया कि छह निर्माताओं ने कानून का उल्लंघन किया है और उन्हें भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एफडीए ने बताया कि यह निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गणपति बाप्पा की विदाई के समय विशेष बस चलाने की कांग्रेस ने की मांग

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। मीरा भायंदर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शॉन लियो कोलासो ने महापालिका आयुक्त को दूसरी बार पत्र लिखकर गणपति विसर्जन के दिन विशेष बस चलाने की मांग की है। आयुक्त को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि गणेश उत्सव को लेकर दिन प्रतिदिन बढती जा रही लोकप्रियता तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त विशेष बसें चलाई जाने की आवश्यकता है। विसर्जन के दिन परिवहन सेवा की बसें लोगों को भायंदर स्टेशन के पास ना छोडक़र नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान के पास छोडती हैं। इसका फायदा उठाकर रिक्शा चालक आम नागरिकों से ज्यादा किराया वसूलते हैं। विसर्जन के दिन लोगों को बस पकडऩे के लिए स्टेशन से नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान तक पैदल जाना पडत़ा है जिसके चलते उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पडत़ा है। पत्र में कहा गया है कि मीरा रोड स्टेशन पर भी टीएमटी बेस्ट तथा एमबीएमटी के बस स्टैंड होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पडत़ा है। ऐसे में अतिरिक्त बसों के चलाए जाने से लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पडेग़ा।


## मिरा - भाईंदर महानगरपालिका

स्व. इंदिरा गांधी भवन, मुख्यकार्यालय, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग भाईंदर (प.) ता. जि. ठाणे ४०११०१

दुरध्वनी क्रमांक ०२२-२८१८२८२८EXT-२८९

**क्रीडा विभाग**

जा.क्र. मनपा/ क्री. वि./६८/२०२३-२४ दि. २१/०९/२०२३

## // जाहिर निविदा //

मिरा भाईंदर महानगरपालिका क्रीडा विभागाच्या वतीने जिल्हा स्तरीय शालेय क्रीडा स्पर्धेसाठी लागणारे चेस नंबर छपाई करुन पुरवठा करण्यात येणार आहे (अंदाजित खर्च रु. १०००००/-), मिरा भाईंदर महानगरपालिकेच्या संकेतस्थळावर www.mbmc.gov.in Off-line पध्दतीने इच्छुक ठेकेदाराकडुन बी-१ नमुन्यात निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदरकामी अधिक माहिती क्रीडा विभाग, पहिला मजला, मुख्यकार्यालय, भाईंदर (प.) येथे दि. २९/०९/२०२३ रोजी पर्यंत उपलब्ध होईल. भरलेले निविदा दि. ०४/१०/२०२३ रोजी दुपारी १२.०० वाजेपर्यंत क्रीडा विभागात स्विकारण्यात येतील. सदरकामी निविदा फॉर्म रक्कम रु. २००/- + जीएसटी १८% असे एकुण रु.२३६/- दि.०३/१०/२०२३ रोजी दुपारी ०१.०० वाजेपर्यत व इसारा रक्कम रु.१०००/- रोखीने दि. ०३/१०/२०२३ रोजी दुपारी ०३.०० वाजेपर्यंत भरुन त्याची पावती निविदा दरपत्रका सोबत जोडणे बंधनकारक राहील.

सदरील निविदा शक्यतो त्याच दिवशी कागदपत्रांची पुर्तता केली असल्यास उघडण्यात येतील. सदरकामी निविदा मंजुर होताच त्वरीत काम करुन द्यावे लागेल. कोणतेही कारण न देता निविदा स्विकारण्याचा अथवा सर्व निविदा नाकारण्याचा अधिकार मा. आयुक्त सो. यांनी राखून ठेवला आहे.

सही/-
(कल्पिता पिंपळे)
उप-आयुक्त (क्रीडा विभाग)
मिरा भाईंदर महानगरपालिका

जा. क्र. मनपा/मावज/ ३२४/ २०२३-२४
दिनांक : २१/०९/२०२३
ठिकाण : भाईंदर

# जनता की सुविधा के लिए अदानी की मिली सौगात




भायंदर । मिरा भायंदर में अब उत्त नवासियों के लिए आडानी आगे आये। इससे पहले, भायंदर पश्चिम के उत्तन, गोराई और मनोरी इलाकों में अदानी इलेक्ट्रिसिटी के ग्राहकों को अपने बिलों का भुगतान करने के लिए भायंदर पूर्व के फाटक स्थित अदानी कार्यालय में जाना पडता था । इसमें समय और पैसा दोनों खर्च हो रहा था। इसके समाधान के रूप में, अब उसी क्षेत्र में ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के लिए अदानी की ओर से बिजली मोबाइल वैन उपलब्ध होंगी। अपने ग्राहकों की जरूरतों को जानते हुए, अदानी इलेक्ट्रिसिटी ने मोबाइल जीनियस पेकियोस्क वैन को उत्तन और गोराई में उपलब्ध कराया है। यह सेवा इस पृष्टभूमि में शुरू की गई है कि क्षेत्र के कई लोग अभी भी ऑनलाइन भुगतान विकल्प का उपयोग नहीं कर रहे हैं। मोबाइल वित्तीय लेनदेन तकनीक से सुसज्जित वाहन प्रत्येक शनिवार और रविवार को उत्तन नाका और प्रत्येक रविवार को गोराई चर्च में ग्राहकों की सेवा के लिए तैयार रहेगा । अडानी कंपनी ने वहां ग्राहक में से बिजली बिल भरने की अपील की है. बहुत सराहनीय और अच्छा विकल्प है, ऐसा विधायक नरेंद्र मेहता ओर राष्ट्रवादी महिला नेता फ्रीडा मोरायस ने कहते हुए विकल्प का स्वागत किया है ।

# नाबालिग छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

नई मुंबई : नई मुंबई के तुर्भे से एक नाबालिग छात्रा के साथ अश्लील हरकत दुकानदार द्वारा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस पर स्थानियों में रोष व्याप्त है। इस बाबत जानकारी देते हुए वरिष्ट पुलिस निरीक्षक तनवीर शेख ने बताया कि नाबालिग छात्रा स्कूल के



प्रोजेक्ट के लिए लगने वाले सामग्री की खरीदारी करने तुर्भे सेक्टर-२२ में एक स्टेशनरी दुकान पर गई थी। उस दौरान दुकान में एक व्यक्ति मौजूद था और उसने छात्रा को गलत नियत से स्पर्श किया। छात्रा इस मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद उसके परिजन एपीएमसी पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने धारा ३५४ ए, आईपीसी ८, ए पॉक्सो के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, इससे पहले भी एक अन्य नाबालिग लडक़ी के साथ इसी तरह की हरकत किए जाने की शिकायत है।

# सेंच्युरी रेयान में टैंकर फटा! :दो की मौत, ६ घायल, दो लापता

कल्याण: सेंच्युरी रेयान कंपनी में कल शनिवार की सुबह ग्यारह बजे के करीब एक जोरदार धमाका हुआ। अचानक हुए इस धमाके से आस-पास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। कंपनी के प्रवेश द्वार और अस्पताल के सामने सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस तथा सेंच्युरी रेयान प्रशासन के मुताबिक, गैस से भरे टैंकर में विस्फोट होने के कारण दो कामगारों की मौत व छह लोग घायल हुए हैं जबकि दो कामगार लापता हैं। सेंच्युरी रेयान कंपनी के सीएसटू गैस प्लांट में बाहर से सीएसटू गैस लेकर जाने के लिए आए टैंकर नंबर एमएच ०४/जीसी २४८७ में गैस भरने से पहले चेकिंग की जा रही थी, तभी टैंकर में जोरदार विस्फोट हुआ और टैंकर से निकले



लोहे के टुकड़े से दो कामगार शैलेश यादव, राजेश श्रीवास्तव की मौत हो गई। सागर झालटे, पंडित मोरे, प्रकाश निकम, हंसराज सरोज, अमित भरनुके, मोहम्मद अरमान घायल हो गए हैं, जिनका इलाज सेंच्युरी रेयान अस्पताल में चल रहा है। अनंत डीगोरे व पवन यादव खबर लिखे जाने तक लापता थे, जिसकी तलाश जारी है। कंपनी ने मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता व नौकरी देने की बात स्वीकार की है। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के कल्याण जिला समन्वयक धनंजय के बोडारे, कृष्णा पुजारी आदि शिवसेना पदाधिकारियों ने घायलों से मुलाकात की। बोडारे ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि उनकी मांग है कि सेंच्युरी रेयान प्रबंधन घायलों व मृतकों के आश्रितों को न्याय दे। अग्निशमन विभाग के प्रमुख अधिकारी बालासाहेब नेटके ने बताया कि इस हादसे में आग कहीं नहीं लगी है, बल्कि टैंकर के फटने से निकले लोहे के लगने से मौत होने का अनुमान है।

# मामुली विवाद के चलते हुआ कत्ल

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : इंदौर स्टेशन से मेरे घर पहुंचने के लिए रिक्शाचालक २० रुपए लेता है। बांद्रा टर्मिनस पर हमाली करनेवाले ३४ वर्षीय मजदूर टीकम सिंह पनवार द्वारा कुछ साल पहले दूसरे परिचितों को




बताई गई उक्त छोटी-सी बात पुलिस के लिए मददगार साबित हुई। बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर-१ के उत्तरी छोर पर बांद्रा टर्मिनस आरपीएफ थाने के पास हुई हमाल विक्रम सिंह की हत्या के आरोप में रेलवे क्राइम ब्रांच की बांद्रा यूनिट ने टीकम को गिरफ्तार किया है। तीन दिन पहले विक्रम द्वारा की गई पिटाई का बदला लेने के लिए मंगलवार की रात टीकम ने विक्रम पर डंडे से प्रहार किया था, जो कि विक्रम की मौत का सबब बन गया। आमतौर पर लोगों से थप्पड़ खानेवाला एक मजदूर टीकम सिंह साथी मजदूर विक्रम सिंह द्वारा तीन दिन पहले की गई पिटाई से बुरी तरह से आहत था। वह बदला लेने के लिए गुस्से की आग में जल रहा था। उसके अंदर धधकता वही आक्रोश ज्वालामुखी बनकर फूटा। टीकम द्वारा मंगलवार की रात प्लेटफॉर्म नंबर एक के उत्तरी छोर पर सो रहे विक्रम पर किया गया एक प्रहार उसकी मौत का कारण बन गया। वार से घायल विक्रम नशे में होने के कारण प्रतिरोध नहीं कर सका और नींद में ही उसकी मौत हो गई थी। आधी रात के दौरान हुई विक्रम की हत्या की खबर सुबह में सबको हुई, जब उसकी लाश पुल के नीचे रखे गए ठेले पर पड़ी मिली थी। इस घटना के बाद बांद्रा रेलवे पुलिस के साथ-साथ रेलवे क्राइम ब्रांच की बांद्रा यूनिट मामले की समानांतर जांच कर रही थी। डीसीपी संदीप भाजीभाकरे व एसीपी महाजन के मार्गदर्शन व वरिष्ट पुलिस निरीक्षक अरशुद्दीन शेख व वीआई रविंद्र शिवरामवार के नेतृत्व में एपीआई हेमराज साठे, प्रमोद हावले, पीएसआई दीपक शिंदे व उनके सहयोगी रविंद्र दरेकर, महेश सुर्वे, सोमनाथ गायकवाड़ आदि की टीम ने बांद्रा टर्मिनस पर रोजी-रोटी की तलाश में आनेवाले टैक्सी-ऑटो रिक्शाचालकों व दूसरे मजदूरों से टीकम के बारे में जानकारी जुटाई। इस दौरान पुलिस को पता चला कि टीकम वारदात के बाद मुंबई सेंट्रल भाग गया था और वहां से वह ट्रेन पकड़कर इंदौर स्थित अपने गांव के लिए रवाना हुआ था। हालांकि, उस दौरान टीकम ने अपना मोबाइल फोन बंद रखा था, लेकिन टीकम और दूसरे मजदूर जहां से पैसे अपने परिजनों को भेजते थे, वहां से पुलिस को काफी जानकारी मिल गई थी। बताया जा रहा है कि रेलवे क्राइम ब्रांच की टीम ने तुरंत टीकम की पूरी जानकारी इंदौर रेलवे पुलिस को दे दी। टीकम इंदौर से अपने घर पहुंचा ही था कि तभी इंदौर रेलवे पुलिस भी उसके घर पहुंच गई। टीकम को रेलवे पुलिस ने दबोच लिया।







बीजेपी के सुधीर कांबली के घर पर गणपति जी के दर्शन करने पहुंचे रवि वयास


लालबाग के राजा के दर्शन करने पहुंचे अमित शाह


रामनारायण दुबे के घर पर गणपति जी के दर्शन करने के लिए पहुंचे कई गणमान्य व्यक्ती


माजी नगरसेविका निला सोन्स के घर पर गणपती जी का हुआ आगमन


आरपीआई के जिलाध्यक्ष देवेंद्र शेलेकर गणपती जी के दर्शन करते हुए



सृष्ठी सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडळ शांती गार्डन रोड अपोजित सूर्या शॉपिंग सेंटर

# मिलावटखोरी की दुकानों पर गिरेगी गाज

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड: मीरा-भायंदर शहर में खाद्य और दवा की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए खाद्य और औषधी प्रशासन विभाग को शिकायत मिली थी. उसके मुताबिक, पिछले साढे.पांच महीने में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने ५१ प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की है। साथ ही गणेशोत्सव के दौरान ३१ प्रतिष्टानों से कुछ खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। प्रतिष्टानों द्वारा नियमों का उल्लंघन बता दें कि कई बार इस प्रतिष्टानों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता रहा है। खाद्य पदार्थों, भोजन की गुणवत्ता अच्छी है कि नहीं, इसकी जांच करना खाद्य एवं औषधि विभाग का काम है। इस विभाग का मुख्य कार्यालय ठाणे शहर में है। चूंकि यह कार्यालय मीरा-भायंदर से दूर है, इसलिए ऐसी शिकायतें हैं कि यह विभाग मीरा-भायंदर शहर की हमेशा से उपेक्षा करता आ रहा है। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि इस विभाग में कर्मचारियों की कमी के कारण नियमित संचालन संभव नहीं हो पाता है। अभी भी कई प्रतिष्टान संदेह के घेरे में अप्रैल २०२३ से अब तक यानी पिछले साढे.पांच महीने में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से सिर्फ १५१ प्रतिष्टानों पर कार्रवाई की गई है। जबकि ऐसी संख्या सैकडों में है जिसकी जांच होनी चाहिए। इनमें दवा की दुकानें, होटल, मिठाई की दुकाने और खाद्य विक्रेता शामिल है। दिसंबर तक चलेगी कार्रवाई मिलावटखोरी की आशंका को ध्यान में रखते हुए मनपा और एफडीए की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस सख्त अभियान के तहत बीते दो सप्ताह में कोल्ड स्टोरेज, खोवा और मिठाई की दुकानों में छापा मारकर नौ किलो खोबा के साथ ही ६३ किलो मिलावटी मिठाई जप्त की गई, जिसे बाद में नष्ठ कर दिया गया। फिलहाल यह दिसंबर तक चलेगी। इस तरह की जानकारी मनपा के अतिरिक्त आयुक्त (स्वास्थ्य) डॉ. सुधाकर शिंदे ने दी डॉ. सुधाकर शिंदे ने कहा कि दो सप्ताह में २७ खोवा की दुकानों, तीन कोल्ड स्टोरेज और ६९५ मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया गया।




वकील नीतीश कुमार के घर पर गणपति बप्पा का दर्शन करने पहुंचे मीरा भाईंदर के कई गणमान्य


बेटी बचाओ, बेटी पढाओ के अध्यक्ष अजय दुबे के घर पर गणपति बप्पा का आगमन हुआ. इस अवसर पर पुरे परिवार में गणपति जी का स्वागत किया






# मनपा का ऑफलाईन कम, ऑनलाईन ज्यादा

भायंदर : मीरा भायंदर महानगरपालिका अपनी कार्यालयीन प्रक्रियाओं को पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली अपनाने के लिए कमर कस ली है। मनपा आयुक्त -प्रशासक संजय काटकर के नेतृत्व में मनपा प्रशासन ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान (एनआईसी) द्वारा विकसित की गई ई -ऑफिस प्राणली को नवंबर २०२३ तक कार्यान्वित करने का लक्ष्य रखा है। हाल ही में मनपा के वर्ग - १ और वर्ग - २ के अधिकारियों के लिए ई - ऑफिस प्रणाली की प्रशिक्षण सत्र का आयोजन भायंदर पश्चिम के बाबासाहेब आंबेडकर भवन में किया गया था। जिसमें एनआईसी के प्रबंधक सुरेश सुरा और उनकी टीम ने ई -ऑफिस प्रणाली के सिद्धांत और व्यावहारिक ज्ञान की जानकारी उपस्थित अधिकारियों को दिया। अमूमन देखा जाता है कि सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों की टेबल पर फाइलों का ढेर लगा रहता है। किसी फाइल को एक टेबल से दूसरे टेबल तक जाने में कई दिन लग जाते हैं। इससे नागरिकों को भी समय पर कार्य नहीं होने से परेशानी होती है और अधिकारियों के कंधो पर भी कार्य का भार बना रहता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मनपा आयुक्त संजय काटकर ने मीरा-भायंदर मनपा के सभी विभागों को ई-प्रणाली कार्यालय के माध्यम से ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI